शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा-2, जगदलपुर, जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिन- 494001
बहुविषयी शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERU)

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattigarh, India, Pin - 494001
Multidisciplinary Education and Research University (MERU)

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान् निबोधत

पीएम-उषा PM-USHA

(Accredited by NAAC)

क्रमांक / 3660 / श.म.क.वि.वि. / सा.प्रशा. / 2026 जगदलपुर, दिनांक 14 / 10 / 2026

तृतीय श्रेणी अशैक्षणिक (तकनीकी) पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर (छ.ग.) में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी मूल निवासी और निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से **दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 04.11.2026 रात्रि 11:59 PM** तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इस हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर दिए गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। भर्ती संबंधी सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.smkvbastar.ac.in पर प्रकाशित की जाएगी।

1. ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि – 16.10.2026 (शुक्रवार)
2. ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि – 04.11.2026 (बुधवार) रात्रि 11:59 PM तक
3. ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार – 05.11.2026 से 07.11.2026, रात्रि 11:59 PM तक

2. पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से महिलाओं के लिये आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की संख्या में से दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पद	समाज कल्याण विभाग द्वारा पदवार चिन्हांकित दिव्यांगता की उपयुक्तता के प्रकार	कुल रिक्त पदों का योग
		अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.	अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.	अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.			
1	तकनीकी सहायक (सांख्यिकी)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
2	तकनीकी सहायक (मनोविज्ञान)	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
3	अनुसंधान सहायक (सांख्यिकी)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
4	अनुसंधान सहायक (मनोविज्ञान)	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
5	प्रयोगशाला तकनीशियन (भौतिक शास्त्र)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	OA, D, OL, ASD (M), HH, LV, SLD, DW, AAV, MI, MD, SD, SI	1
6	प्रयोगशाला तकनीशियन (रसायनशास्त्र)	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
7	प्रयोगशाला तकनीशियन (गणित)	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
8	प्रयोगशाला तकनीशियन (भूगर्भशास्त्र)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
9	प्रयोगशाला तकनीशियन (प्राणीशास्त्र)	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
10	प्रयोगशाला तकनीशियन (वनस्पतिशास्त्र)	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
11	प्रयोगशाला तकनीशियन (सूक्ष्मजीव विज्ञान)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
12	प्रयोगशाला तकनीशियन (भूगोल)	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
13	प्रयोगशाला तकनीशियन (मनोविज्ञान)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		1
14	प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा)	1	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-		2
15	लेखा सहायक	2	1	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	OA, OL, OAL, BL, LV, HH, DW, MDY, AAV, MD, SD, SI	4
16	ग्रंथालय सहायक (ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	OA, OL, OAL, LV, HH, D, BL, DW, MDY, AAV, LC, ASD (M), SLD, MI, MD, SD, SI	1
	कुल –	**10**	**07**	**01**	**02**	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**20**

ABBREVIATIONS :- OL-One Leg, BL- Both Leg, LV-Low Vision, HH-Hard of Hearing, DW-Dwarfism, MDY-Muscular Dystrophy, AAV-Acid Attack Victims, D-Deaf, ASD(M)-Austism Spectrum Disorder (Mild), SLD-Specific Learning Disabilities, MI-Mental Illness, OA-One Arm, OAL-One Arm and One Leg, MD-Multiple Disabilities, SD-Spinal Deformity, SI-Spinal Injury

3. वेतनमान एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएंः–

3.1 तकनीकी सहायक :–

वेतनमान–रू. 9300–रू. 34800 (रू. 4300 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–09

श्रेणी–तृतीय

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में कम से कम 2 वर्ष का समकक्ष पद पर कार्य करने का अनुभव।

3.2 अनुसंधान सहायक :–

वेतनमान–रू. 9300–रू. 34800 (रू. 4200 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–08

श्रेणी–तृतीय

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में कम से कम 2 वर्ष का समकक्ष पद पर कार्य करने का अनुभव।

3.3 प्रयोगशाला तकनीशियन :–

वेतनमान–रू. 5200–रू. 20200 (रू. 2400 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–06

श्रेणी–तृतीय

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।

3.4 लेखा सहायक :–

वेतनमान–**रू. 5200–रू. 20200 (रू. 2400 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–06**

श्रेणी–तृतीय

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि।

(ii) मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा।

3.5 प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा) :–

वेतनमान–**रू. 5200–रू. 20200 (रू. 1900 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–04**

श्रेणी–तृतीय

शिक्षा विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि।

3.6 ग्रंथालय सहायकः–

वेतनमान–**रू. 5200–रू. 20200 (रू. 1900 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–04**

श्रेणी–तृतीय

ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि।

4. ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार करने की प्रक्रिया :–

4.1 आवेदन करने के पूर्व विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें।

4.2 विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in में Career → Recruitment Portal → Applicant Login → New Registration पर Click करें एवं ऑनलाईन पंजीयन करें।

4.3 पंजीयन के पश्चात अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसे Applicant Login में क्लिक कर पुनः यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से Login करेंगे।

4.4 My Applications में जाकर Select Advertisement Number → Select Non Teaching Post → Apply for Selected Post में क्लिक कर आवेदित पद का चयन करेंगे।

4.5 Personal Information पर चाही गई समस्त जानकारी सही–सही दर्ज करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें।

4.6 इसी प्रकार, Educational Qualifications में जाकर उत्तीर्ण परीक्षा आदि की जानकारी Add करें।

4.7 Document Details में क्लिक कर जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, अन्य अर्हता प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि अपलोड करें।

4.8 Upload Photo and Signature में क्लिक कर अभ्यर्थी 30 KB से 100 KB की साईज तक अपना नवीनतम रंगीन, पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें।

4.9 Exam Center Preference में क्लिक कर परीक्षा केन्द्र के लिए जिलों का चयन करेंगे।

4.10 Preview and Confirm पर क्लिक कर भरी गई सम्पूर्ण जानकारी का अवलोकन करें एवं किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार करें।

4.11 समस्त जानकारी सही होने पर Proceed to Payment पर क्लिक कर इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन शुल्क का भुगतान करें। शुल्क भुगतान करते समय इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। भुगतान करते समय किसी भी प्रकार की आर्थिक क्षति/नुकसान होने पर विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात्, शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

4.12 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करने में यदि त्रुटि हुई हो तो उसे सुधारने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के अंतिम तिथि के पश्चात् समय दिया गया है इस दौरान अभ्यर्थी को त्रुटि सुधार स्वयं करना होगा। त्रुटि सुधार की अवधि विज्ञापन के प्रारंम्भिक पैराग्राफ में दी गई है।

4.13 श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता है तो उसे शुल्क के अन्तर की राशि का भुगतान करना होगा। किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाईन आवेदन पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में शुल्क के अन्तर की राशि वापस नहीं की जायेगी।

4.14 अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अपने पास अनिवार्यतः सुरक्षित रखें।

4.15 ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिये हेल्पलाईन नं. 07314851316 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा ईमेल आईडी smkvhelpdesk@gmail.com में ईमेल कर सकते हैं।

5. महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्ते :–

भर्ती नियम :–

5.1 यह विज्ञापन विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक पदों के लिए सेवा भर्ती नियम/परिनियम/संशोधित विनियम–91 का अनुपालन करते हुये प्रकाशित किया जा रहा है।

5.2 रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि या कमी की जा सकती है जिसके लिए कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन शुल्क :–

5.3 आवेदन शुल्क के रूप में अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थी रू 500/– एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी रू 300/– की राशि का ऑनलाइन भुगतान, ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय करेंगे।

मूल निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र :–

5.4 अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थी को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.5 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.6 छत्तीसगढ़ राजपत्र क्रमांक 104 नवा रायपुर, बुधवार दिनांक 25 फरवरी 2026 के अंतर्गत दिव्यांगजनों से संबंधित निर्देश निम्नानुसार है :–

(i) किसी भी पहचाने गये पद के संबंध में सेवा में नियुक्ति के समय राज्य मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के प्रमाणिकता की पुष्टि अनिवार्य होगी तदपश्चात् अभ्यर्थी की उपयुक्तता की जांच विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

(ii) विश्वविद्यालय में सीधी भर्ती के प्रक्रम में भरे जाने वाले पदों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारी बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति को ही दिया जायेगा।

अर्हता प्रमाणन एवं चयन :–

5.7 समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.8 तकनीकी सहायक एवं अनुसंधान सहायक पद के लिए 02 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना होगा।

5.9 लेखा सहायक पद के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.10 यदि अभ्यर्थी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे हों तथा अनुभव का लाभ प्राप्त करना चाहते हों तो अनुभव प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.11 आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं पूर्ण होने अथवा पात्र की श्रेणी में सम्मिलित होने मात्र से ही अभ्यर्थी नियुक्ति का हकदार नहीं होगा।

5.12 अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन प्रस्तुत करें। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी। इस संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी।

5.13 विज्ञापन की अंतिम तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि के प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

5.14 त्रुटिपूर्ण आवेदनों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जाएगी। ऐसे आवेदन तत्काल अमान्य कर दिये जायेंगे।

आयु सीमा :–

5.15 उपरोक्त विज्ञापित सभी पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु शासनादेश क्रं. GENCOR-35010/3486/2026-GAD-3 नवा रायपुर, दिनांक 12.10.2026 के अनुसार दिनांक 01.01.2026 को 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर के पत्र No. RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर दिनांक 16.09.2026 के अनुसार सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के पश्चात् अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5.16 आयु संबंधी प्रमाण पत्र हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा 10वीं की अंकसूची की मूलप्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अनापत्ति प्रमाण पत्र :–

5.17 छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत शासन के अधीन कार्यरत शासकीय/अर्धशासकीय अभ्यर्थी सीधे आवेदन कर सकते हैं, परन्तु इसके तुरंत पश्चात् उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख को अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भी करना होगा। अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.18 राज्य शासन/केन्द्र शासन द्वारा सेवा से बर्खास्त व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परीक्षा केन्द्र :–

5.19 ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को सुविधा अनुसार निम्नांकित जिलों में से दो जिलों में लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का चुनाव करना होगा :–

1. बस्तर (जगदलपुर)	2. दंतेवाड़ा	3. बीजापुर	4. सुकमा	5. कोण्डागाँव
6. नारायणपुर	7. कांकेर	8. रायपुर	9. बिलासपुर	10.सरगुजा (अंबिकापुर)

चुनाव किये गये दो जिलों मे से किसी एक जिला में अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र आबंटित किया जायेगा। परन्तु चयनित अभ्यर्थियों की कौशल/प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जायेगी।

6. परीक्षा पद्धति :–

6.1 सभी पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु कुल 150 अंको की परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगी।

(i) लिखित परीक्षा (120 अंक, समय : 2 घण्टे)

भाग–1

छत्तीसगढ़ एवं भारत का सामान्य ज्ञान	–	10 अंक
सामान्य हिन्दी	–	10 अंक
सामान्य अंग्रेजी	–	10 अंक
सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता	–	10 अंक

भाग–2

सम्बंधित विषय का ज्ञान	–	80 अंक
योग (i)=(भाग–1+भाग–2):		120 अंक
(ii) कौशल/प्रायोगिक परीक्षा	–	30 अंक
कुल योगः		150 अंक

सारणी–1 : परीक्षा पद्धति एवं चयन प्रक्रिया

क्र.	पद का नाम	लिखित परीक्षा (60 अंक : गणना कंडिका 7.4 के अनुसार)		कौशल/ प्रायोगिक परीक्षा (30 अंक) 1 पद = 10 अभ्यर्थी	शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों का कार्य अनुभव (10 अंक)	मेरिट सूची (लिखित परीक्षा + कौशल/ प्रायोगिक परीक्षा + अनुभव) (100 अंक)
		भाग–1	भाग–2			
1	तकनीकी सहायक (सांख्यिकी)/ अनुसंधान सहायक (सांख्यिकी)	✓ (समान प्रश्नपत्र)	✓ (सांख्यिकी विषय की परीक्षा) (प्रश्नों का स्तरः उच्च)	✓	✓	मेरिट के आधार पर चयन
2	तकनीकी सहायक (मनोविज्ञान)/ अनुसंधान सहायक (मनोविज्ञान)		✓ (मनोविज्ञान विषय की परीक्षा) (प्रश्नों का स्तरः उच्च)	✓	✓	मेरिट के आधार पर चयन
3	प्रयोगशाला तकनीशियन (भौतिक शास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, भूगर्भशास्त्र, सूक्ष्मजीव विज्ञान, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान), लेखा सहायक		✓ (प्रत्येक विषय की अलग–अलग परीक्षा) (प्रश्नों का स्तरः मध्यम)	✓	✓	मेरिट के आधार पर चयन
4	प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा), ग्रंथालय सहायक (ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान)		✓ (शिक्षा, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विषय की अलग–अलग परीक्षा) (प्रश्नों का स्तर : सामान्य)	✓	✓	मेरिट के आधार पर चयन

6.2 परीक्षा के आयोजन की तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर प्रकाशित की जायेगी।

6.3 उपरोक्त लिखित परीक्षा संलग्न किये पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी (संलग्नक–1)।

6.4 कौशल/प्रायोगिक परीक्षा का पाठ्यक्रम, मूल्यांकन एवं अन्य दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर शीघ्र ही पृथक से अपलोड किया जायेगा।

6.5 लिखित परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

6.6 लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में 120 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर का 01 अंक देय होगा। अभ्यर्थियों को इन प्रश्नों को हल करने हेतु 02 घण्टे का समय दिया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिये प्रश्न के नीचे 04 विकल्प लिखे होंगे। अभ्यर्थी को 04 विकल्पों में से 01 सही विकल्प का चयन करना होगा। इस प्रकार, अभ्यर्थी द्वारा चुने गये सही विकल्प को उत्तर शीट (ओ.एम.आर.) में नीले/काले डॉट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा।

6.7 किसी प्रश्न के एक से अधिक सही विकल्प होने की स्थिति में विषय विशेषज्ञों के निर्णयानुसार सभी सही विकल्प मान्य होंगे।

6.8 मुख्य ओ.एम.आर उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका की द्वितीय प्रति अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी।

6.9 परीक्षा समाप्ति के उपरान्त सही उत्तर कुंजी (Key) विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जायेगी। परीक्षा उपरान्त जारी सही उत्तर कुंजी (Key) पर आपत्ति होने पर नियत अवधि के भीतर दावा/आपत्ति दर्ज करना होगा। दावा आपत्ति दर्ज करने की विस्तृत प्रक्रिया पृथक से जारी की जायेगी।

6.10 परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक की सूचना अभ्यर्थियों के लॉगइन में अपलोड की जायेगी।

6.11 परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् सही उत्तर कुंजी (Key) पर किसी भी प्रकार का पुनः दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

6.12 विश्वविद्यालय द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन मशीन के द्वारा किया जायेगा। अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।

6.13 भाग–1 में दर्शाये गये विषय क्रमशः छत्तीसगढ़ एवं भारत का सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता की परीक्षा सभी पदों के लिए एक ही प्रश्नपत्र के आधार पर ली जायेगी (सारणी–1)।

6.14 तकनीकी सहायक तथा अनुसंधान सहायक पदों के लिए विषय क्रमशः सांख्यिकी एवं मनोविज्ञान की लिखित परीक्षा एक साथ आयोजित की जायेगी। भाग–1 में प्राप्त अंको को भाग–2 में विषय क्रमशः सांख्यिकी एवं मनोविज्ञान में प्राप्त अंको में जोड़कर अलग–अलग मेरिट सूची तैयार की जायेगी। तद्नुसार मेरिट सूची के आधार पर 1 पद के लिये 10 अभ्यर्थियों को कौशल/प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंमत्रित किया जायेगा (सारणी–1)।

6.15 भाग–2 में अन्य विषयों क्रमशः भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, सूक्ष्मजीव विज्ञान, भूगर्भशास्त्र, भूगोल एवं मनोविज्ञान विषयों के प्रयोगशाला तकनीशियन एवं लेखा सहायक के पदों की लिखित परीक्षा के आधार पर प्रयोगशाला तकनीशियन एवं लेखा सहायक के पदों पर भर्ती हेतु अलग–अलग मेरिट सूची तैयार की जायेगी। भाग–1 में प्राप्त अंकों को भाग–2 के विषयों में प्राप्त अंकों में जोड़कर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर 1 पद के लिये 10 अभ्यर्थियों को कौशल/प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंमत्रित किया जायेगा (सारणी–1)।

6.16 भाग–2 के शेष विषय क्रमशः लेखा, शिक्षा तथा ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विषयों में पदों क्रमशः प्रयोगशाला सहायक एवं ग्रंथालय सहायक पर भर्ती हेतु अलग–अलग लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। भाग–1 में प्राप्त अंकों को भाग–2 के उपरोक्त विषयों में प्राप्त अंकों में जोड़कर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर 1 पद के लिये 10 अभ्यर्थियों को कौशल/प्रायोगिक परीक्षा के लिए आंमत्रित किया जायेगा (सारणी–1)।

6.17 पदनाम, पे–बैंड, ग्रेड–पे तथा वेतन मेट्रिक्स लेवल के आधार पर विषय से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्नों के कठिनाई का स्तर अलग–अलग होगा।

7. चयन प्रक्रिया :–

7.1 लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा के प्राप्तांक को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

7.2 लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/प्रायोगिक परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

7.3 कौशल/प्रायोगिक परीक्षा के कुल पूर्णांक का न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

7.4 सम्बधित पद पर चयन 100 अंकों की मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट सूची निम्न परीक्षायें/अनुभव में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी :–

1. लिखित परीक्षा	:	अधिकतम 60 अंक
2. कौशल/प्रायोगिक परीक्षा	:	अधिकतम 30 अंक
3. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के दैनिक वेतन भोगियों का कार्य अनुभव	:	अधिकतम 10 अंक
कुल पूर्णांक	:	100 अंक

लिखित परीक्षा के पूर्णांक 120 में से प्राप्तांक के अधिकतम 60 अंकों के सापेक्ष अनुपात में परिवर्तित अंक की गणना निम्नांकित सूत्र के द्वारा की जायेगी :–

120 अंकों की लिखित परीक्षा हेतु –

$$\text{लिखित परीक्षा के अंतिम अंक} = \left(\frac{\text{120 में से प्राप्तांक}}{120}\right) \times 60$$

7.5 लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांको को दशमलव के बाद के दो अंको तक रॉऊण्ड ऑफ करके मेरिट की गणना में शामिल किया जायेगा। इस प्रकार, पद/पदों पर नियुक्ति संयुक्त मेरिट के आधार पर की जायेगी।

7.6 यदि दो अभ्यर्थियों के संयुक्त मेरिट मे समान अंक प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में जन्मतिथि को आधार मानकर चयन में वरीयता निर्धारित की जाएगी। जिस उम्मीदवार की जन्मतिथि पहले होगी उसको चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इस प्रकार उपरोक्त परिस्थितियों में निर्दिष्ट सिद्धांत के अनुसार चयन किया जाएगा।

7.7 एक ही लिखित परीक्षा के आधार पर तकनीकी सहायक (सांख्यिकी) एवं अनुसंधान सहायक (सांख्यिकी) की मेरिट सूची तैयार की जायेगी (सारणी–1)।

7.8 इसी प्रकार, एक ही लिखित परीक्षा के आधार पर तकनीकी सहायक (मनोविज्ञान) एवं अनुसंधान सहायक (मनोविज्ञान) की मेरिट सूची तैयार की जायेगी (सारणी–1)।

7.9 प्रयोगशाला तकनीशियन पद के शेष अन्य विषयों, लेखा सहायक, प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा) एवं ग्रंथालय सहायक (ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान) पदों पर चयन के लिए मेरिट सूची पृथक–पृथक तैयार की जायेगी (सारणी–1)।

7.10 आरक्षण नियम का पालन किया गया है।

7.11 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के सदस्यों को किसी भी प्रकार के अनुचित माध्यमों से प्रभावित करने की कोशिश करने या अनावश्यक दबाव डालने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

7.12 चयन के पूर्व सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी को बुलाया जाएगा।

8. चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्देश एवं शर्तें :–

8.1 विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8.2 चयन उपरांत यदि अभ्यर्थी के द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी अथवा प्रस्तुत दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं तो उसकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी। साथ ही वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

8.3 चयनित अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जाएगा।

8.4 चयनित अभ्यर्थी का चरित्र सत्यापन पुलिस अधीक्षक से कराया जाएगा और पुलिस अधीक्षक से अयोग्य प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जाऐगी।

8.5 चयनित अभ्यर्थी को यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई विधिक कार्यवाही या पुलिस प्रकरण/जांच संस्थित नहीं है।

8.6 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

8.7 इस विज्ञप्ति में उल्लेखित पदों तथा शर्तों की व्याख्या, किसी भी समय नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया को स्थगित करने, निरस्त करने, अन्य शर्तें विहित करने तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, छत्तीसगढ़ को होगा, जो अभ्यर्थी पर पूर्णतः बन्धनकारी होगा।

8.8 विज्ञापन से संबंधित वाद एवं विधिक कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के अंतर्गत होगी।

(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रभारी कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/3661/श.म.क.वि.वि./सा.प्रशा./2026 जगदलपुर, दिनांक 14/10/2026

प्रतिलिपिः–

1 माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, लोक भवन, रायपुर छत्तीसगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2 सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3 आयुक्त, संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4 माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5 आईसीटी सेल, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6 जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7 कार्यालयीन नस्ती।

सहायक कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

संलग्नक – 01

परीक्षा पाठ्यक्रम
(तकनीकी सहायक/ अनुसंधान सहायक/प्रयोगशाला तकनीशियन/लेखा सहायक/प्रयोगशाला सहायक/ग्रंथालय सहायक)

छत्तीसगढ़ एवं भारत का सामान्य ज्ञान :– भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, पर्यावरण। छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आन्दोलन। छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल। छत्तीसगढ़ की जनजातियां, कला, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि। छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज। छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन। भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं।

सामान्य हिन्दी :– भाषा बोध, संक्षिप्त लेखन, पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, समोच्चारित शब्दों के अर्थ भेद, वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द, संधि एवं संधि–विच्छेद, सामासिक पद रचना एवं समास–विग्रह, तत्सम एवं तद्भव शब्द, शब्द शुद्धि, वाक्य शुद्धि, उपसर्ग एवं प्रत्यय, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (अर्थ एवं प्रयोग), पत्र लेखन, हिन्दी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन एवं नामकरण, छत्तीसगढ़ के साहित्यकार एवं उनकी रचनाएं।

सामान्य अंग्रेजी :– Comprehension, Precise Writing, Rearrangement and Correction of Sentences, Synonyms, Antonyms, Fill in the Blanks, Correction of Spellings, Vocabulary and Usage, Idioms and Phrases, Tenses, Prepositions, Active Voice and Passive Voice, Parts of Speech, Translation (English to Hindi), Letter Writing.

सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता :– संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल। तार्किक तर्क एवं विश्लेषणात्मक क्षमता। निर्णय निर्माण एवं समस्या निवारण। सामान्य मानसिक योग्यता। मूल संख्यात्मक कार्य (सामान्य गणितीय कौशल) (स्तर – कक्षा 10वीं) आंकड़ों की व्याख्या (चार्ट, रेखांकन, तालिकाएं, आंकड़ों की पर्याप्ता आदि) (स्तर – कक्षा 10वीं)

संम्बधित विषय :– पाठ्यक्रम विषयवार संलग्न किया जा रहा है।

STATISTICS

1. Diagrammatic and Representation of Data, Frequency distribution, measures of location, dispersion, Skewness, Kurtosis.
2. Simple correlation coefficient, Multiple and Partial Correlation. Linear and Multiple Regression, and their application, Intra class correlation, Correlation ratio.
3. Definition of probability, Additive and multiplicative theorems of probability, Bayes' theorem, Standard Discrete Distributions- Bernoulli, Binomial, Poisson, Standard continuous distributions- Normal.
4. Sample Surveys: concept of population sample and properties of estimator for finite populations, need for sampling, census and sample survey, sample selection and sample size, Basic finite population, sampling techniques, simple, random, sampling with and without replacement.
5. Statistical Hypotheses, Type I and II errors, level of significance, test of significance, concept of p-value. Parametric and Non Parametric test, Tests of significance for the parameters of normal distribution (one sample and two sample problems) and the relevant confidence intervals. Chi-square test of goodness of fit and independence of attributes.
6. Introduction to design of experiments, Principle of design of experiments, completely randomized design, Randomized block design, Latin square design. Missing plot technique - general theory and applications, efficiency of a design.
7. Sources of demographic data –census, register, adhoc survey, hospital records, measurement of mortality ,crude death rate, age specific death rates, standardized death rate infant mortality rates, Complete and abridged life table-Kings method, Greville's method and method of Reed and Merrel, Construction of life table.
8. Different Components of time series, Measurement of secular trend: Fitting of trend, method of moving average, effect of elimination of trend, seasonal components and its estimation, cyclical fluctuation.

सांख्यिकी

1. आँकड़ों का आरेखीय निरूपण एवं प्रस्तुतीकरण, बारंबारता वितरण, स्थिति के माप, प्रसरण, विषमता एवं ककुदता।
2. सहसंबंध एवं प्रतिगमन सरल सहसंबंध गुणांक, बहु एवं आंशिक सहसंबंध, रैखिक एवं बहु प्रतिगमन तथा उनके अनुप्रयोग, अंतर्वर्ग सहसंबंध एवं सहसंबंध अनुपात।
3. प्रायिकता एवं प्रायिकता वितरण प्रायिकता की परिभाषा, प्रायिकता के योगात्मक एवं गुणात्मक प्रमेय, बेस प्रमेय, मानक असतत वितरण बर्नौली, द्विपद एवं पॉइसन, मानक सतत वितरण सामान्य वितरण।
4. प्रतिदर्श सर्वेक्षण समष्टि एवं प्रतिदर्श की अवधारणा, सीमित समष्टियों के लिए आकलक के गुण, प्रतिचयन की आवश्यकता, जनगणना एवं प्रतिदर्श सर्वेक्षण, प्रतिदर्श चयन एवं प्रतिदर्श आकार सीमित समष्टि, प्रतिचयन तकनीकें, सरल यादृच्छिक प्रतिचयन, प्रतिस्थापन सहित एवं बिना प्रतिस्थापन के प्रतिचयन।
5. सांख्यिकीय परिकल्पना एवं परिकल्पना परीक्षण सांख्यिकी, परिकल्पना, प्रकार–I एवं प्रकार–II त्रुटियाँ, सार्थकता स्तर, सार्थकता परीक्षण एवं p–मूल्य की अवधारणा, पैरामीट्रिक एवं गैर–पैरामीट्रिक परीक्षण, सामान्य वितरण के प्राचलों के लिए सार्थकता परीक्षण तथा संबंधित विश्वास अंतराल, काई–वर्ग परीक्षण उपयुक्तता एवं स्वतंत्रता परीक्षण।
6. प्रयोगों का अभिकल्प प्रयोगों के अभिकल्प का परिचय एवं सिद्धांत, पूर्णतःयादृच्छिक अभिकल्प, यादृच्छिक ब्लॉक अभिकल्प एवं लैटिन वर्ग अभिकल्पय लुप्त प्लॉट तकनीक सामान्य सिद्धांत एवं अनुप्रयोगय अभिकल्प की दक्षता।
7. जनसांख्यिकी एवं जीवन सारणी जनसांख्यिकी, आँकड़ों के स्रोत जनगणना, पंजीकरण, तदर्थ सर्वेक्षण एवं अस्पताल अभिलेख, मृत्यु दर का मापन, सकल मृत्यु दर, आयु–विशिष्ट मृत्यु दर, मानकीकृत मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर, पूर्ण एवं संक्षिप्त जीवन सारणीय किंग्स विधि, ग्रेविल विधि तथा रीड एवं मेरिल विधि, जीवन सारणी का निर्माण।
8. समय श्रेणी समय श्रेणी के विभिन्न घटक, दीर्घकालीन प्रवृत्ति का मापन एवं प्रवृत्ति निर्धारण, चल औसत विधिय प्रवृत्ति को हटाने का प्रभाव, मौसमी घटक एवं उसका आकलन, चक्री, उतार–चढ़ाव।

PSYCHOLOGY

1. **Experimental Psychology and related fields**:- Subject matter of psychology Nature & Scope, Methods related to the study of behaviors, Classical Psychophysical Methods, Signal Detection Theory,
2. **Attention-Nature**, Kind Determinants, Selective attention, Attention & Distraction Perception Nature Determinants Gestalt view of Perception, Perceptual Defence**.**
3. **Learning-** Concept Theories of Learning, Skinner, Hull, Tolman, Guthrie. Fundamental Principles of Pavlovian Conditioning, verbal learning, Methods of Memorizing. Semantic storage in memory, STM & LTM. Theories of Memory-Memory Trace Theory, Interference theory and repression theory.
4. **Human Motivation** :- Concept of Drive, need, incentive & arousal. Achievement motivation. Measurement of Human Motivation. Emotion nature and Component. James lange Cannon Bard Theories of Emotion.
5. **Intelligence-** Theoretical approaches towards conceptualization of intelligence:- Measurement of intelligence. Creativity concept & its measurement. Thinking reasoning, problem solving, concept formation. Piagetian view on cognitive development. Approaches of the study of personality, basic foundation of personality. Assessment of Personality, Rating scales, Observation, test & personality inventories with detailed emphasis on projective techniques.
6. **Theories of personality**:- psychoanalytic, Social, Psychological theories of personality. Normal and abnormal behavior concept & criteria, symptoms & causes ofabnormality. Classification ofabnormal behavior psychoneurosis, psychosis, organic psychosis.
7. **Psychotherapy:-** Nature & Process of Psychotherapy, Psychotherapeutic Methods. Hypnotherapy, client centered, groups therapy mental Health & Prevention of mental Disorders. Socialization & person perception. 6. Attribut i on theory Leadership & Persuasive Communication. Prejudice & Stereotypes. Social Tension in India Psychological factors in national integration. Prosocial behavior. Schools ofpsychology Structuralism, Functionalism, Gestalt, Behaviorism, Psychonalysis. Personnel Selection in industry, working condition, its relation to industrial efficiency. Job analysis, accident causes & prevention. Financial & non financial incentive. Modern theory of organization management. Principles & techniques of educational & vocational guidance. Psychological tests, non-testing devices. Approaches to ConunsellingConunselling interview, Education of exceptional children with special reference to gifted & mentally retarded children.,
8. **Nature & Importance of Problem, Hypothesis:-** Variables & its control. Experimental design. Importance of statistics, central tendency and correlation, Hypothesis testing by Parametric & Non Parametric methods.

मनोविज्ञान

1. **प्रायोगिक मनोविज्ञान और संबंधित क्षेत्र** :– मनोविज्ञान का विषय–क्षेत्र, प्रकृति और दायरा, व्यवहार के अध्ययन से संबंधित तरीके, क्लासिकल साइकोफिजिकल तरीके, सिग्नल डिटेक्शन थ्योरी।
2. **ध्यान** :– प्रकृति, प्रकार, निर्धारक, चयनात्मक ध्यान, और ध्यान भटकना, धारणा–प्रकृति, निर्धारक, धारणा का गेस्टाल्ट दृष्टिकोण, परसेप्चुअल डिफेंस।
3. **सीखना** :– सीखने की अवधारणा और सिद्धांत (स्किनर, हल, टोलमैन, गुथरी), पावलोवियन कंडीशनिंग के मूल सिद्धांत, मौखिक सीखना, याद करने के तरीके। मेमोरी में सिमेंटिक स्टोरेज, STM और LTMA मेमोरी के सिद्धांत–मेमोरी ट्रेस थ्योरी, इंटरफेरेंस थ्योरी और रिप्रेशन थ्योरी।
4. **मानव प्रेरणा** :– ड्राइव, आवश्यकता, प्रोत्साहन और उत्तेजना की अवधारणा। उपलब्धि प्रेरणा। मानव प्रेरणा का मापन। भावना–प्रकृति और घटक। जेम्स–लैंग और कैनन–बार्ड के भावना के सिद्धांत।
5. **बुद्धि** :– बुद्धि की अवधारणा के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण–बुद्धि का मापन। रचनात्मकता–अवधारणा और इसका मापन। सोच, तर्क, समस्या–समाधान, अवधारणा निर्माण। संज्ञानात्मक विकास पर पियाजे का दृष्टिकोण। व्यक्तित्व अध्ययन के दृष्टिकोण, व्यक्तित्व का मूल आधार। व्यक्तित्व का मूल्यांकन, रेटिंग स्केल, अवलोकन, परीक्षण और व्यक्तित्व इन्वेंट्री (प्रोजेक्टिव तकनीकों पर विशेष जोर के साथ)।
6. **व्यक्तित्व के सिद्धांत** :– व्यक्तित्व के मनोविश्लेषणात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक सिद्धांत। सामान्य और असामान्य व्यवहार– अवधारणा और मानदंड, असामान्य व्यवहार के लक्षण और कारण। असामान्य व्यवहार का वर्गीकरण– साइकोन्यूरोसिस, साइकोसिस, ऑर्गेनिक साइकोसिस।
7. **मनोचिकित्सा** :– मनोचिकित्सा की प्रकृति और प्रक्रिया, मनोचिकित्सकीय तरीके। सम्मोहन चिकित्सा, क्लाइंट–केंद्रित चिकित्सा, समूह चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक विकारों की रोकथाम। समाजीकरण और व्यक्ति की धारणा। एट्रिब्यूशन थ्योरी, नेतृत्व और प्रेरक संचार। पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता। भारत में सामाजिक तनाव, राष्ट्रीय एकता में मनोवैज्ञानिक कारक। प्रो–सोशल व्यवहार। मनोविज्ञान के स्कूल–संरचनावाद, कार्यात्मकतावाद, गेस्टाल्ट, व्यवहारवाद, मनोविश्लेषण। उद्योग में कर्मियों का चयन, काम की स्थिति, औद्योगिक दक्षता से इसका संबंध। नौकरी का विश्लेषण, दुर्घटना के कारण और रोकथाम। वित्तीय और गैर–वित्तीय प्रोत्साहन। संगठन प्रबंधन का आधुनिक सिद्धांत। शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन के सिद्धांत और तकनीकें। मनोवैज्ञानिक परीक्षण, गैर–परीक्षण उपकरण। काउंसलिंग के तरीके, काउंसलिंग इंटरव्यू, खास तौर पर प्रतिभाशाली और मानसिक रूप से पिछड़े बच्चों के संदर्भ में असाधारण बच्चों की शिक्षा।
8. **समस्या की प्रकृति और महत्व, परिकल्पना** :– चर और उनका नियंत्रण। प्रायोगिक डिजाइन। सांख्यिकी का महत्व, केंद्रीय प्रवृत्ति और सह–संबंध, पैरामीट्रिक और नॉन–पैरामीट्रिक तरीकों से परिकल्पना की जाँच।

PHYSICS

1. **Mechanics**:- Conservation Laws, Inertial and non inertial frame of reference, Special theory of Relativity, Lorentz transformation, $E=MC^2$, Motion of rigid bodies, Angular momentum, Bernoulli's equation and Stoke's law, Elasticity, Bending of beams and cantilever, Couple due to twisting, Poisson's ratio. Lagrange's Equation, Hamilton's Principles, Fermat's principle of least action, Spherical harmonics and functions,Legendre,Bessel and Hermite Polynomials, Cauchy's Reimann condition, Cauchy's integral theorem and formula.
2. **Mathematical Physics**:- Vectors, concept of Gradient, Divergence and Curl, Gauss and Stoke's theorem, Matrice Multiplication, different type of Matrices, System of equations, Eigen values and Eigen functions.
3. **Thermal and Statistical Physics**:- Different laws of thermodynamics, Concepts of point function and Path Functions, Carnot's theorem, Absolute scale oftemperature, Entropy, Ther-nermodynamic potentials, Maxwell's relation and their applications, Maxwell-Boltzmann distribution, Concepts of Gibb's Ensemble, Canonical ensemble, Statistical interpretation of en-tropy, Bose-Einstein and Fermi-Dirac Statistics.
4. **Waves and Oscillations** :- One dimensional waveve equation and its solution, Elastic Waves in solids and pressure waves in gases, phase velocity and Group velocity, free, forced and maintained vibrations. Resonance, Quality factor, Interference, Newton's ring, Biprism, Michelson interferometer, Diffraction, Fresnel and Fraunhoffer class of diffraction. Diffraction due to single, double and n slits. Zone plate, Dispersive Power and Resolving Power, Rayleigh's criterion for resolution, Polarization, Half wave plate and quarter wave plate, production and analysis of plane circularly and elliptically polarized light, spontaneous and stimulated emission, Principle of LASER.
5. **Electromagnetic Induction and Electronics** :- Self and mutual inductance, LCR circuits, series and parallel circuits, Acceptor and Rejecter circuits, Maxwell's equation and Electromagnetic waves, Pointing vector, Intrinsic and extrinsic semiconductors, P-N junction, Zener diode, Use of diodes and transistors for rectification and amplifications, modulation and detection of radio frequency Waves, Logic gates.
6. **Optical and X-ray spectra:-** Vector model of the atom, fine structure of spectral lines, J-J and L-S couplings, Normal and anomalous Zeeman effect, Raman effect, Radio activity,nuclear binding energy, fission and fusion, Elementary particles and their classification, Cyclotron, Elementary idea of super conductivity.
7. **Quantum Mechanics**:- Representation of dynamic variables by operators, Operators Algebra, Schrodinger wave equation and its application, Free particle in a box, Potential barrier, Simple harmonic oscillator and Hydrogen atom, Concept of orbital angular momentum. Eigen values and Eigen function L.L, and L, Commutativerules
8. **Basic Properties of nuclei and solid state physics**:-Liquid drop model, nuclear shell model, reaction cross section, nuclear reaction, Bohr's nucleus theory. Nuclear fission and its explanation by liquid drop model, Plasma, fusion reaction in Plasma, fusion reactor, stellar energy.Band theory of solids, conductors, free electron model of metal, density of states, fermi energy, Kronig-Penny Model for energy bands. Hall effect. Langevin's theory of paramagnetism and Curie Weiss Law.

भौतिकशास्त्र

1. **यांत्रिकी :–** संरक्षण नियम, जड़त्वीय एवं अजड़त्वीय निर्देशतन्त्र, आपेक्षिकता का विशिष्ठ सिद्धान्त, लारेंज रूपान्तरण, $E=MC^2$, दृढ पिण्डों की गति, कोणीय संवेग, बरनौली समीकरण एवं स्टोक का नियम, प्रत्यास्थता, दण्डों एवं स्तम्भों का बंकन, ऐठन के कारण बल युग्म, पॉइसन निष्पत्ति। लेग्रान्जी समीकरण हेमिल्टन का सिद्धांत, फर्मेट का न्यूनतम क्रिया नियम, गोलीय संनादी एवं फलन, लेजेन्ड्रे, बैसल और हरमाईट पोलीनामियल, कांची–रिमन अवस्था, कांची समाकलन प्रमेय और सूत्र।
2. **गणितीय भौतिक :–** सदिश, प्रवणता (Gradient), अपसरण एवं कर्ल की अभिधारणा, गॉस और स्टोक के प्रमेय, आव्यूह गुणन, विभिन्न प्रकार के आव्यूह, रेखीय समीकरण निकाय, आइगन मान और आइगन फलन।
